राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2021

हाल ही में **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय** द्वारा **राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2021** की घोषणा की गई।

- भारत के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में केंद्र सरकार द्वारा भारत के खिलाड़ियों को दिये जाने वाले **छह अलग-अलग पुरस्कार** शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
    - [मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार](#):
        - **इस पुरस्कार को पहले राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के रूप में जाना जाता था, यह भारत में किसी खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल सम्मान है** और इसे वर्ष 1991-92 में स्थापित किया गया था।
        - यह विगत चार वर्ष की अवधि में **किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार एवं सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार** है।
        - इस पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार शामिल है।
    - **अर्जुन पुरस्कार:**
        - इसे **वर्ष 1961 में** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट उपलब्धि को मान्यता देने के लिये **स्थापित किया गया था**।
        - यह **विगत चार वर्षों की अवधि में अच्छे प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल भावना एवं अनुशासन की भावना** बनाए रखने वाले खिलाडियों को दिया जाता है।
        - इस पुरस्कार के विजेता को 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, अर्जुन की एक कांस्य प्रतिमा और एक प्रमाण/सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है।
    - **द्रोणाचार्य पुरस्कार:**
        - इसे **वर्ष 1985 में भारत सरकार द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण को मान्यता देने के लिये** स्थापित किया गया था।
        - यह **कोचों को सुसंगत आधार पर उत्कृष्ट और मेधावी कार्य करने** और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिये दिया जाता है।
        - इसमें 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, द्रोणाचार्य की एक कांस्य प्रतिमा और प्रमाण/सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है।
    - **ध्यानचंद पुरस्कार:**
        - इस पुरस्कार की **शुरुआत वर्ष 2002 में** हुई थी। इस पुरस्कार के विजेता को ध्यानचंद की एक प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र, औपचारिक पोशाक और 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
        - यह उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिये दिया जाता है जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेल में योगदान दिया है और **सेवानिवृत्ति**

के बाद भी खेल आयोजनों को बढ़ावा देने में योगदान देना जारी रखा है।

- **मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्राफी:**
    - इसकी स्थापना वर्ष 1956-57 में हुई थी।
    - यह **विश्वविद्यालय स्तर के खेल प्रदर्शन के लिये** दी जाती है।
    - यह विगत एक वर्ष की अवधि में **'अंतर-विश्वविद्यालयी टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन' करने वाले विश्वविद्यालय को** दी जाती है।
- राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार**:**
    - इसकी **स्थापना वर्ष 2009 में** हुई थी।
    - यह उन **कॉरपोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में)**, खेल नियंत्रण बोर्डों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल निकायों सहित गैर-सरकारी संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने खेलों के प्रोत्साहन और विकास के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

खेलों के विकास के लिये सरकार की प्रमुख पहलें:

- **खेलो इंडिया योजना।**
- **राष्ट्रीय खेल विकास कोष**।
- राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (NSTC) योजना।
- भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र योजना (STC)।
- विशेष क्षेत्र खेल (SAG) योजना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-sports-awards-2021